◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

JHARKHAND | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 24 नवम्बर 2026

खेल

भगवान बिरसा मुंडा लोकप्रिय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारम्भ हजारीबाग में



भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर 23 नवम्बर 2026 को हजारीबाग में प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ हुआ। जिला खेल पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और यह कार्यक्रम खेल-कूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता 23 एवं 24 नवम्बर तक चलने वाली है, जिसके बाद 26 नवम्बर से रांची में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

प्रतियोगिता में उत्तर छोटानागपुर प्रमण्डल के सात जिले – कोडरमा, चतरा, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, गिरिडीह एवं हजारीबाग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेलों में सेकोर, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भरादौड़, तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी एवं वॉलीबॉल जैसे पारम्परिक एवं आधुनिक खेलों का आयोजन किया गया। बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

आज के प्रतियोगिताओं के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे: गेड़ी दौड़ (बालक) में प्रथम स्थान सचिन कुमार (चतरा), द्वितीय निलेश कुमार (चतरा); गेड़ी दौड़ (बालिका) में प्रथम लक्ष्मी कुमारी (चतरा), द्वितीय लीलावती कुमारी (चतरा)। मटका दौड़ (बालक) में प्रथम आलोक कुमार (चतरा), द्वितीय संतु कुमार दास (गिरिडीह); मटका दौड़ (बालिका) में प्रथम सविता वास्की (गिरिडीह), द्वितीय प्रियांशु राम (हजारीबाग), तृतीय कंचन कुमारी (रामगढ़)। भरादौड़ (बालक) में प्रथम छोटू कुमार (कोडरमा), द्वितीय सोनी सोनू करमाली (रामगढ़), तृतीय मोहम्मद सनावाज अंसारी (गिरिडीह)। भरादौड़ (बालिका) में प्रथम काजल कुमारी (हजारीबाग), द्वितीय लक्ष्मी कुमारी (चतरा), तृतीय मनीता कुमारी (चतरा)। गुलेल (बालक) में प्रथम अनुप तिग्गा (हजारीबाग), द्वितीय चम्बरा मुंडा (चतरा), तृतीय अनमोल नवीन सोरेन (हजारीबाग)। गुलेल (बालिका) में प्रथम मंजू कुमारी, द्वितीय अनुकम्पा रुण्डा, तृतीय पलक कुमारी। तीरंदाजी (बालक) में प्रथम जिज्ञांशु रंजन, द्वितीय सन्दीप कुमार महतो, तृतीय विष्णु कुमार बाउरी; तीरंदाजी (बालिका) में प्रथम कस्तूरी महतो, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय डॉली कुमारी। वॉलीबॉल में बालिका वर्ग की रामगढ़ टीम विजेता, हजारीबाग टीम उपविजेता; बालक वर्ग में हजारीबाग टीम विजेता, धनबाद टीम उपविजेता।

24 नवम्बर को फुटबॉल एवं हॉकी के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। बालक फुटबॉल फाइनल में धनबाद व कोडरमा, बालिका फुटबॉल फाइनल में चतरा व हजारीबाग प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी हॉकी मुकाबले भी उसी दिन आयोजित होंगे। जिला खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में खेल विभाग के प्रशिक्षकों, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ियों तथा शारीरिक शिक्षकों के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। इस प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेलों को प्रोत्साहित करना, पारम्परिक खेल संस्कृति को संरक्षित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

हजारीबाग में बिरहोर समुदाय के लिए 27 नवम्बर को बहुद्देशीय शिविर का आयोजन



हजारीबाग जिले के डेमोटांड़ क्षेत्र में स्थित बिरहोर समुदाय के लोगों ने 23 नवम्बर, सोमवार को जिले के डीसी हेमन्त सती के कार्यालय वेश्म में मिलकर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रस्तुत किया। इस बैठक में बड़ी संख्या में बिरहोर समुदाय के पुरुष, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

समूह ने डीसी श्री सती के समक्ष अपने निवास क्षेत्र में सड़क, पेयजल, राशन, बिजली, विद्यालय, आंगनबाड़ी, आधार कार्ड, स्वास्थ्य केंद्र और पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं को रखा। डीसी ने इन समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

इसके बाद डीसी ने डीडीसी रिया सिंह को निर्देश दिया कि 27 नवम्बर को सभी संबंधित विभागों के साथ बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाए। इस शिविर का उद्देश्य समुदाय के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उनकी समस्याओं का यथासंभव त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

डीसी श्री सती ने कहा कि समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों तक पहुंचना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उन्हें मूलभूत सुविधाओं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की मूल अवधारणा है। प्रशासन का प्रयास है कि ऐसे समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार लाया जाए।

बैठक के दौरान डीसी ने उपस्थित बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उन्हें चॉकलेट वितरित की और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से पढ़ाई एवं विद्यालय जाने के सम्बन्ध में बातचीत की। उन्होंने बिरहोर समुदाय के समुचित विकास और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

हजारीबाग में हेमन्त सती द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी हेमन्त सती ने 23 नवम्बर, सोमवार को कोलघट्टी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी विस्तृत निरीक्षण किया।

सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवन्ती कुमारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जिनमें आम आदमी पार्टी से शशि कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी से जयनारायण मेहता, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डिया (मा0) से गणेश कुमार सीटू, इन्डियन नेशनल कांग्रेस से निसार खान, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से सुनील कुमार शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

ईवीएम वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण चुनावी उपकरणों की सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य कदम माना जाता है।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

अपराध

हजारीबाग में एसपी अमन कुमार ने अपराध समीक्षा बैठक में संगठित अपराध और महिला अपराध पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश



हजारीबाग जिले में सोमवार, 23 नवंबर 2026 को एसपी अमन कुमार ने सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनियमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारीयों के साथ एक व्यापक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में हालिया अपराध प्रवृत्तियों और त्वरित कार्रवाई के निर्देशों पर चर्चा हुई। बैठक में विशेष रूप से राहुल दुबे गैंग द्वारा किए जा रहे फायरिंग मामलों को लेकर उच्च स्तरीय चर्चा हुई और क्षेत्र में निरंतर एंटी-क्राइम चेकिंग का आदेश दिया गया। संगठित अपराध के तहत जेल से रिहा हुए अभियुक्तों पर कड़ी निगरानी और फरार अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

महिला अत्याचार, छेड़खानी, रेप और पोक्सो से संबंधित दर्ज मामलों को प्राथमिकता देते हुए 60 दिनों के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। 2026 के पूर्व के सभी लंबित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

अक्टूबर 2026 में जिले के विभिन्न थानों में कुल 309 अपराध दर्ज हुए, जिनमें 471 मामलों का निष्पादन तथा 651 वारंट/कुर्की की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 1086 पासपोर्ट और 172 चरित्र सत्यापन भी पूर्ण किए गए। अवैध मादक पदार्थ, कोयला, बालू और पत्थर के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा साइबर अपराधों की त्वरित कार्रवाई के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए।

सभी थाना प्रभारीयों को आम जनता की समस्याओं को सुनने और समय पर समाधान करने, तथा पिछले पाँच वर्षों में जेल से रिहा हुए अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर निरंतर नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक का समापन एसपी अमन कुमार ने किया।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

कुल 309 अपराध दर्ज हुए, जिनमें 471 मामलों का निष्पादन तथा 651 वारंट/कुर्की की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 1086 पासपोर्ट और 172 चरित्र सत्यापन भी पूर्ण किए गए। अवैध मादक पदार्थ, कोयला, बालू और पत्थर के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा साइबर अपराधों की त्वरित कार्रवाई के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए।

सभी थाना प्रभारीयों को आम जनता की समस्याओं को सुनने और समय पर समाधान करने, तथा पिछले पाँच वर्षों में जेल से रिहा हुए अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर निरंतर नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक का समापन एसपी अमन कुमार ने किया।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

अर्जुन मुंडा की माता के निधन पर तमाड़ में शोक की लहर राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने दी श्रद्धांजलि



अर्जुन मुंडा की माता के निधन पर तमाड़ में शोक की लहर

तमाड़। पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की माता सायरा मुंडा के निधन पर सोमवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर, महेंद्र नाथ शाहदेव, लक्ष्मण सिंह मुंडा, अनुप साहू, डॉ. प्रकाश उरांव समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं।

सभी ने कहा कि सायरा मुंडा का निधन परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में तमाड़ के लोग शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।

— Mukesh Kumar Gupta, रांची

देश

हजारीबाग में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़, दो शूटरों को लगी गोली



ब्रेकिंग न्यूज़

न्यूज 24 हजारीबाग निरंजन कुमार साव

हजारीबाग में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़, दो शूटरों को लगी गोली

कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डाटोखुर्द में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों ओर से हुई फायरिंग में गैंग के दो शूटरों को गोली लगी है।

मुठभेड़ की पुष्टि हजारीबाग एसपी अमन कुमार ने की है। एसपी समेत कई वरीय पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

अपराधियों की तलाश में आसपास के जंगलों और संभावित ठिकानों पर सर्च अभियान तेज कर दिया गया है।

घायल अपराधियों की पहचान, गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी को लेकर पुलिस की विस्तृत जानकारी का इंतजार है

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

हिरणपुर में अवैध एटीएम लॉटरी का नेटवर्क, चौक-चौराहों से गांव गलियों तक फैला



हिरणपुर थाना क्षेत्र में कथित अवैध एटीएम लॉटरी के कारोबार के आरोपों ने चौक-चौराहों से लेकर गांव की गलियों तक फैले नेटवर्क पर सवाल उठाए हैं।

स्थानीय लोगों का दावा है कि इस नेटवर्क में स्कूली बच्चों से लेकर दिहाड़ी मजदूर तक शामिल हैं, और आशीष झुनझुनवाला, बिट्टू भगत, हृदय मंडल, सेमल मंडल, मुबारक अंसारी, बजरंगी स्वर्णकार, पिंटू रूज, आमिर अंसारी, असरफ औवरी, अकोमुद्दीन अंसारी और संदीप रक्षित समेत कई नामों को कथित सप्लायर और विक्रेता के रूप में पहचान लिया गया है।

स्रोतों के अनुसार, टिकटों की सप्लाई कोड से जुड़े जमीन शेख और एमटी कोड से जुड़े हृदय मंडल के सप्लायर संदीप रक्षित के माध्यम से हो रही है। साथ ही, एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा ट्रॉली साइकिल से घूम-घूमकर टिकट बेचने का भी दावा है, जिसे अभी स्वतंत्र पुष्टि और प्रशासनिक जांच की आवश्यकता है।

इस अवैध लॉटरी के कारण आर्थिक रूप से कमजोर तबके पर गहरा असर पड़ रहा है, जिससे स्कूली बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों की चिंता है कि मेहनत की कमाई लॉटरी में गंवाने से परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा सकता है।

झारखंड आंदोलनकारी दिगंबर साहा ने इस मामले पर गंभीर चिंता जताई है और प्रशासन से पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब सवाल यह है कि हिरणपुर पुलिस इस कथित नेटवर्क की जड़ तक पहुँच पाएगी या चौक-चौराहों से गांव गलियों तक चल रहे इस कारोबार पर सवाल यूं ही उठते रहेंगे।

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

पलामू एक्सप्रेस के हादसे में राय स्टेशन के पास एक यात्री की दर्दनाक मृत्यु



राय स्टेशन के पास बड़ा रेल हादसा: पलामू एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की दर्दनाक मौत, इलाके में मचा हड़कंप

* पिपरवार क्षेत्र के राय स्टेशन के समीप सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे हुआ हादसा; ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही तोड़ा दम।

* मृतक की अब तक नहीं हो सकी है शिनाख्त; जीआरपी और स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना, जांच में जुटा रेल प्रशासन।

केरेडारी / पिपरवार

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत राय स्टेशन के समीप सोमवार सुबह एक हृदयविदारक रेल हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे घटित हुआ, जब यात्री पलामू एक्सप्रेस से सफर कर रहा था। घटना के बाद से पूरे स्टेशन परिसर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सनसनी और अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया है।

ट्रेन खुलने के कुछ ही दूरी बाद हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त व्यक्ति पलामू एक्सप्रेस में सवार था। ट्रेन के राय स्टेशन से खुलने के बाद कुछ ही दूरी आगे बढ़ने पर वह अचानक संतुलन बिगड़ने से प्लेटफॉर्म के पास नीचे गिर पड़ा। गिरने के साथ ही वह तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गंभीर क्षति पहुंची है। घटना की आवाज और शोर सुनकर स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों तथा आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।

शिनाख्त और पुलिसिया कार्रवाई में जुटा प्रशासन

घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और न ही यह स्पष्ट हो पाया है कि यह हादसा पैर फिसलने से हुआ या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

पुलिस और रेल प्रशासन की टीम मृतक के पास से मिले किसी दस्तावेज या मोबाइल आदि के आधार पर उसकी शिनाख्त करने तथा परिजनों तक सूचना पहुंचाने का प्रयास कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन परिसर और फुटओवर ब्रिज व प्लेटफॉर्म के किनारों पर यात्री सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

संवाददाता :- आकाश भारती, Need24 News

सच्चाई की खबर, आपके इलाके की खबर

— Akash Bharti

अपराध

हजारीबाग में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच भीषण मुठभेड़, डाटोखुर्द में घेराबंदी



हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डाटोखुर्द इलाके में सोमवार को पुलिस और राहुल दुबे गैंग के अपराधियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑपरेशन शुरू किया, परंतु अपराधियों ने घेराव देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे दोनों पक्षों में तीव्र आदान-प्रदान हुआ।

घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक ने कमान संभाली और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए। डाटोखुर्द के जंगल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को चारों ओर से नाकेबंदी कर, अपराधियों के संभावित भागने के मार्ग को सील कर दिया गया।

वर्तमान में सघन छापेमारी और कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहा है, जिसमें पुलिस ने सभी संभावित छिपने की जगहों की तलाशी जारी रखी है। इस टकराव के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सतर्कता बरती है।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्वास्थ्य

सेरनदाग गांव में ज़हरीली धूल से ग्रामीणों को जहर खाने को मजबूर, पानी के छिड़काव की मांग



रिपोर्ट :- आकाश भारती की

सेरनदागसेरनदाग गांव, जो चतरा टंडवा प्रखंड के अंतर्गत स्थित है, हाल ही में ज़हरीली धूल कणों के कारण गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, चलती गाड़ी से गिरती गीली छाया कुछ ही मिनटों में सूख कर धूल में बदल जाती है और पूरे गांव के वातावरण को दूषित कर देती है।

धूल के कणों को खाने के लिए ग्रामीणों को मजबूर किया जा रहा है, जिससे कई बीमारियों और आँखों की समस्याओं में वृद्धि देखी जा रही है। इस धूल को नियंत्रित करने के लिए कोई भी पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।

जोखिमों को कम करने के लिए बराबर पानी के छिड़काव की मांग की है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और संबंधित कंपनियों से इस अत्याचार को समाप्त करने का आग्रह किया है।

— Akash Bharti

स्थानीय

बारिश के बाद त्रिकुट पहाड़ पर चट्टानों का खिसकना, कोई हताहत नहीं



देवघर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल त्रिकुट पहाड़ पर रविवार सुबह लगभग ६ बजे लगातार बारिश के बाद चट्टानों का खिसकना हुआ, जिससे पहाड़ी क्षेत्र में हलचल मची। इस दौरान कोई पर्यटक या स्थानीय व्यक्ति प्रभावित नहीं हुआ और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली।

त्रिकुट पहाड़, जिला मुख्यालय से लगभग १५ किलोमीटर दूर स्थित, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन आकर्षण के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों को आकर्षित करता है। बारिश के कारण चट्टानों पर असर पड़ना इस स्थल की सुरक्षा के लिहाज से चिंता का कारण बन गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने घटना के बाद क्षेत्र का सर्वेक्षण करने और संभावित जोखिमों की पहचान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए उचित सुरक्षा उपाय और संकेतक स्थापित किए जाएंगे।

फिलहाल सबसे बड़ी राहत यह है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। संबंधित विभागों से अनुरोध है कि वे स्थिति का विस्तृत जायजा लेकर पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कदम उठाएँ।

— Buddhi Prakash Mali

राजनीति

आदित्य साहू ने देवघर में भाजपा प्रमंडलीय बैठक में बूथ विस्तार व सरकार विरोधी आंदोलन का आह्वान



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू रविवार को देवघर पहुँचे और जिला कार्यालय में आयोजित प्रमंडलीय बैठक का संचालन किया। इस बैठक में संगठन के महामंत्री पवन साहू, सभी जिला अध्यक्षों और प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरे तन-मन से काम करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में संगठनात्मक ढाँचे में बदलाव की घोषणा की गई। मतदाता केंद्र (बूथ) समिति के सदस्यों की संख्या को 10 से बढ़ाकर 25 करने तथा शक्ति केंद्र के सदस्यों को 3 से बढ़ाकर 5 करने का प्रस्ताव पारित हुआ, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकुशलता बढ़ेगी।

आदित्य साहू ने झारखंड की वर्तमान सरकार की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कार्यकाल में जेपीएससी परीक्षाओं में अनियमितता और नौकरी बेचने जैसी घटनाओं से प्रदेश के युवाओं में भारी आक्रोश है। इस संदर्भ में भाजपा ने युवाओं के हित में हजारीबाग में छात्रों की पहली महापंचायत का आयोजन करने का इरादा जताया।

विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार की भूमिका पर सवाल उठाया। कहा गया कि यदि समान मामला सामान्य नागरिक के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज होता, तो अब तक उसकी गिरफ्तारी हो चुकी होती, पर सरकार बचाव करती नजर आ रही है।

आदित्य साहू ने कहा कि राज्य की जनता इन सभी परिस्थितियों को देख रही है और भाजपा जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन तेज करेगी।

स्वास्थ्य

बिसलेरी के पानी में कैंसरजनक रासायनिक तत्व मिलने पर FSSAI ने उठाया कड़ा कदम



नई दिल्ली: देश के प्रमुख पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ब्रांड बिसलेरी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने कंपनी के पानी के एक सैंपल को असुरक्षित घोषित करते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मंजूरी दे दी है।

जानकारी के अनुसार, FSSAI ने बिसलेरी इंटरनेशनल के परिसर से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का सैंपल लिया था। पहली प्रयोगशाला जांच में पानी में ब्रोमेट (Bromate) की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई। इसके बाद कंपनी की अपील पर सैंपल को रेफरल लैब में भेजा गया, जहां जांच में पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (PAHs) की मौजूदगी सामने आई।

दोनों ही रासायनिक पदार्थ स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हैं और कुछ श्रेणियों में कैंसर के जोखिम से जुड़े माने जाते हैं।

FSSAI ने क्या कार्रवाई की?

खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत अभियोजन चलाने की मंजूरी दी है।

बिसलेरी ने भी रखा अपना पक्ष

दूसरी ओर, कंपनी ने पानी को सुरक्षित बताते हुए जांच के निष्कर्षों पर सवाल उठाए हैं। कंपनी के अनुसार, मामला सितंबर 2025 में गोवा स्थित प्लांट में तैयार एक बैच से जुड़ा है। बिसलेरी ने दावा किया है कि उसकी ओर से कराई गई स्वतंत्र जांच में ब्रोमेट की मात्रा निर्धारित सीमा के भीतर मिली थी।

महत्वपूर्ण बात: यह मामला एक विशेष सैंपल और बैच से जुड़ा है। इसका मतलब यह नहीं है कि बाजार में बिकने वाली बिसलेरी की सभी बोतलें असुरक्षित हैं। फिलहाल पूरे ब्रांड के पानी को पीने योग्य नहीं बताना सही नहीं होगा।

अब इस मामले में FSSAI और कंपनी के बीच आगे की कानूनी प्रक्रिया पर सबकी नजरें टिकी हैं।

— Nitish Kumar Sinha, बोकारो

स्थानीय

पलामू में 53349-53350 शटल ट्रेनों में स्थायी कोच वृद्धि की मांग



पलामू जिले की जनसंख्या और रेल यात्रियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि के बावजूद 53349 और 53350 शटल ट्रेनों में पर्याप्त कोच नहीं जोड़े गये हैं, जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ती है।

विशेषकर सुबह 53350 शटल ट्रेन से मेदिनीनगर मुख्यालय की ओर आने वाले यात्रियों को अत्यधिक भीड़ का सामना करना पड़ता है; माताओं, बहनों, बच्चियों और बुजुर्गों को धक्का-मुक्की के बीच यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उनकी निजता, गरिमा और सुरक्षा को लेकर चिंता उत्पन्न होती है।

यात्रियों का कहना है कि जब भी कोच वृद्धि की मांग उठती है, रेलवे अस्थायी रूप से एक-दो अतिरिक्त कोच लगा देता है, परन्तु कुछ ही दिनों बाद उन्हें हटा दिया जाता है, जिससे अस्थायी व्यवस्था पर भरोसा नहीं बना रहता।

शटल ट्रेनों में स्थायी रूप से 15 से 18 कोच की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव हो सके।

पलामू के सांसद श्री विष्णु दयाल राम से अनुरोध किया गया है कि वे इस समस्या को रेलवे बोर्ड के समक्ष प्रभावी ढंग से रखें और स्थायी समाधान के लिए पहल करें।

— Shamsher Ansari

स्थानीय

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 100वीं सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा को लेकर जनसंपर्क



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 100वीं सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा को लेकर जनसंपर्क

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री मनीष जायसवाल जी के सौजन्य से आयोजित 100वीं सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा के सफल आयोजन हेतु जनसंपर्क किया गया

यह जनसंपर्क केरेडारी प्रखंड के बेलतू मंडल व केरेडारी मंडल अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में किया गया

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों से मुलाकात की गई

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दूरसंचार प्रतिनिधि हजारीबाग महेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे

किसान मोर्चा अध्यक्ष नारायण यादव भी मौजूद रहे

सांसद प्रतिनिधि केरेडारी मंडल प्रकाश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे

सांसद प्रतिनिधि बेलतू मंडल तेजू साव भी मौजूद रहे।

इसके अलावा अशोक साव, अक्षय कुमार, रूपण गंझू, टिक्कन महतो, नागेश्वर महतो, बूथ अध्यक्ष गण व ग्रामीण उपस्थित रहे

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

स्थानीय

पाकुड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' में 31 मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए



पाकुड़ पुलिस ने 21.11.2026 को 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत जिले के सभी थानों में 31 चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उन्हें असली मालिकों को सौंपा।

इस कार्य में CEIR Portal का उपयोग कर मोबाइल के मालिकों की पहचान की गई और बरामद मोबाइलों को सुरक्षित रूप से वापस किया गया।

मोबाइल वापस पाने वाले नागरिकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला ब्यूरो चीफ जय प्रकाश भगत ने इस सराहनीय कार्य के लिए पाकुड़ पुलिस को बधाई दी और नागरिकों से पुलिस पर विश्वास बनाए रखने का आग्रह किया।

— Jai Prakash Bhagat

26 नवंबर को राजभवन के समक्ष होगा किसान महापड़ाव एमएसपी की कानूनी गारंटी और धान की उचित कीमत की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन का आह्वान



सोनाहातू। झारखंड राज्य किसान सभा, रांची पूर्वी जिला किसान काउंसिल की बैठक प्रेम चंद पातर की अध्यक्षता में सोनाहातू में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा की राष्ट्रीय केंद्रीय कमेटी के सदस्य सुफल महतो ने कहा कि 13 महीने तक चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के साथ लिखित समझौता किया था। इसके बावजूद तीन महीने के अंदर किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने सहित अन्य मांगों को पूरा नहीं किया गया। इसी के विरोध में 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष तथा देशभर के जिला मुख्यालयों पर किसान महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इसे आजाद भारत में किसानों के सबसे बड़े आंदोलनों में से एक बताया।

उन्होंने कहा कि किसानों को धान का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 25 रुपये 50 पैसे प्रति किलो मिलना चाहिए, लेकिन इसके बजाय किसानों को 18 से 19 रुपये प्रति किलो की दर से धान बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे किसानों को प्रति किलो लगभग 7 रुपये 50 पैसे तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों की इस लूट पर मूकदर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि धान की खरीद घोषित एमएसपी पर सुनिश्चित की जाए और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष आयोजित देशव्यापी किसान महापड़ाव में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंग�

— Mukesh Kumar Gupta, रांची

अवैध पोस्ता की खेती छोड़ सब्जी उत्पादन अपनाएं किसान : मुखिया द्रौपती देवी हुमटा को नशामुक्त बनाने के लिए गांव-गांव चलेगा जागरूकता अभियान



अवैध पोस्ता की खेती छोड़ सब्जी उत्पादन अपनाएं किसान : मुखिया द्रौपती देवी

हुमटा को नशामुक्त बनाने के लिए गांव-गांव चलेगा जागरूकता अभियान

बुंडू (रांची), 22 नवंबर। झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को ग्राम पंचायत हुमटा में मुखिया द्रौपती देवी की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत विकास, वैकल्पिक रोजगार और नशामुक्त पंचायत बनाने पर चर्चा हुई। मुखिया ने किसानों से अवैध पोस्ता की खेती छोड़कर सब्जी उत्पादन अपनाने तथा फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने G RAM G के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया।

बैठक में ग्रामीणों ने सिंचाई की कमी, जंगली हाथियों एवं सूअरों से फसल नुकसान और मुआवजे में देरी की समस्याएं उठाईं। वहीं डिजिटल क्रॉप सर्वे, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। मुखिया ने कहा कि हुमटा पंचायत को नशामुक्त बनाने के लिए सभी गांवों और टोलों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

खेल

पाकुड़ के प्रियांशु कुमार को झारखंड अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन, जिले में खुशी की लहर



पाकुड़ जिले के होनहार क्रिकेटर प्रियांशु कुमार को झारखंड अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित किया गया।

इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई, और कहा गया कि यह प्रियांशु के कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

Need 24 News परिवार ने प्रियांशु को हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भेजी।

जिला ब्यूरो चीफ जय प्रकाश भगत ने भी इस सफलता पर बधाई दी और प्रियांशु को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कमेंट सेक्शन में पाठकों को प्रियांशु को बधाई देने के लिए आमंत्रित किया गया।

— Jai Prakash Bhagat

कैनाल सड़क निर्माण संघर्ष समिति का हुआ गठन सड़क और पुल निर्माण की मांग तेज



कैनाल सड़क निर्माण संघर्ष समिति का हुआ गठन सड़क और पुल निर्माण की मांग तेज

तमाड़। नावाडीह हाई स्कूल मैदान में रविवार को कैनाल सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमसभा आयोजित की गई। पांच परगना फाइटर्स के केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई सभा में सलगाडीह से बारेंदा, दुलमी से जिलिंग सेरेंग होते हुए लोवाडीह तक सड़क तथा बामलाडीह एवं हराडीह के समीप पुल निर्माण की मांग उठाई गई।

आमसभा में सर्वसम्मति से कैनाल सड़क निर्माण संघर्ष समिति का गठन किया गया। इसमें विष्णु देव महतो को अध्यक्ष, नरेन्द्र महतो को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार महतो को सचिव, रितेश महतो को सह-सचिव तथा रमेश महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं ललित कुमार महतो, अरविंद बांसरियार एवं पूर्ण चंद्र महतो को संरक्षक बनाया गया।

वक्ताओं ने कहा कि सड़क एवं पुल निर्माण से तमाड़, सोनाहातु सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार में सुविधा मिलेगी। समिति ने सरकार एवं जिला प्रशासन से निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। साथ ही मांग पूरी होने तक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

— Mukesh Kumar Gupta, रांची

मनोरंजन

बोकारो में वेब फिल्म की शूटिंग शुरू, निर्देशक कुमार पांडेय ने संभाला निर्देशन



बोकारो में नई वेब फिल्म की शूटिंग आज औपचारिक रूप से आरम्भ हुई। इस परियोजना का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक श्री कुमार पांडेय करेंगे।

शूटिंग स्थल पर फिल्मी माहौल सजा है, जिससे कलाकारों और तकनीकी टीम को काम करने में सविधा होगी।

अपने निर्देशन में साकार करने का लक्ष्य रखा है, और सेट पर तैयार किया गया माहौल शूटिंग को सुगम बनाने में सहायक रहेगा।

— Nitish Kumar Sinha, बोकारो

देश

झारखंड एक्सप्रेस, हजारीबाग केरेडारी सीबी माइंस का दौरा करते हुए रिपोर्टर निरंजन कुमार साव



हर पल हर ख़बर न्यूज़ 24

झारखंड एक्सप्रेस, हजारीबाग केरेडारी सीबी माइंस का दौरा करते हुए रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

केरेडारी सीबी माइंस क्षेत्र का दौरा कर ग्राउंड जीरो से हालात का जायजा लिया गया। माइंस क्षेत्र में चल रहे कार्यों, सुरक्षा व्यवस्था और स्थानीय लोगों की समस्याओं को करीब से देखा गया।

ग्राउंड से सच, सबसे पहले आप तक।

स्थान केरेडारी सीबी माइंस, हजारीबाग

रिपोर्ट निरंजन कुमार साव, झारखंड एक्सप्रेस न्यूज़ 24

KeredariHarPalHarKhabar JharkhandExpress Hazaribagh CBMines Keredari GroundReport News24

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

मनोरंजन

गांव वालों के साथ सूर्या गुप्ता तालाब में मछली पकड़ने गया बच्चा बचपन का मस्ती में झूमा ओर गांव के बच्चों को प्रेरणा एवं सिख



हर पल हर ख़बर न्यूज़ 24

गांव वालों के साथ सूर्या गुप्ता तालाब में मछली पकड़ने गया बच्चा बचपन का मस्ती में झूमा ओर गांव के बच्चों को प्रेरणा एवं सिख

गांव के तालाब में सुबह-सुबह गांव वालों के साथ मछली पकड़ने का नजारा देखने को मिला कीचड़-पानी में खेलते हुए बच्चे की मासूमियत ने सबका ध्यान खींच लिया

बचपन की शरारतें कभी लौट कर नहीं आती, इसलिए हंसने दो, खेलने दो मिट्टी में नहाने दो ये ही दिन याद आएंगे बड़े होकर, जब ज़िंदगी की भाग-दौड़ में बचपन खो जाएगा

स्थान केरेडारीजोरदाग तालाब

निरंजन कुमार साव, न्यूज़ 24

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

अपराध

झारखंड के चतरा सदर अस्पताल में दवा खरीद घोटाले की जांच, लाखों रुपये के बिल गायब



चतरा सदर अस्पताल में दवा खरीद घोटाले की आशंका: दो दर्जन दवाओं के बिल गायब, रैपर पर स्टिकर से बढ़ा संदेह; राज्य औषधि निदेशालय को सौंपी गई जांच रिपोर्ट

हिसाब-किताब; अगस्त 2026 में हुई जांच के दौरान सामने आई बड़ी वित्तीय अनियमितताएं।

* बार-बार मांगने के बावजूद बिल और वाउचर पेश नहीं कर सके जिम्मेदार; अधिकारियों और बाबुओं की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल।

चतरा

झारखंड के चतरा सदर अस्पताल में दवाओं की खरीद के नाम पर लाखों रुपये के संभावित वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। जांच में दवा खरीद से जुड़ा हिसाब-किताब नहीं मिल पाने के बाद यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि वास्तव में दवाओं की खरीद की गई थी या केवल कागजों पर ही खर्च दिखाकर सरकारी धन की निकासी कर ली गई। इस खुलासे के बाद खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों (बाबुओं) की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है।

अगस्त 2026 की जांच में खुले अनियमितताओं के पन्ने

यह मामला अगस्त 2026 में राज्य औषधि निदेशालय के निर्देश पर की गई जांच के दौरान सामने आया। पड़ताल के दौरान करीब दो दर्जन दवाओं की खरीद से संबंधित बिल और वाउचर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। जांच टीम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को बार-बार खरीद के बिल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, लेकिन इसके बावजूद जरूरी दस्तावेज नहीं दिए गए। बार-बार तलब किए जाने के बावजूद जिम्मेदार लोगों पर कोई असर न पड़ना इस पूरे प्रकरण को और अधिक संदेहास्पद बनाता है।

रैपर पर चिपकाए गए 'नोट फॉर सेल' स्टिकर ने बढ़ाई शंका

जांच के दौरान दवाओं के रैपर को लेकर भी एक गंभीर अनियमितता पकड़ी गई। खरीदी गई कुछ दवाओं के रैपर पर पहले से छपे विवरण के बावजूद ऊपर से 'नोट फॉर सेल' के स्टिकर चिपकाए हुए मिले।

सामान्यतः राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं के रैपर पर ही 'गवर्नमेंट ऑफ झारखंड' और 'नोट फॉर सेल' पहले से प्रिंट रहता है। ऐसे में पहले से छपी जानकारी के ऊपर अलग से स्टिकर चिपकाने की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह जांच का एक अहम बिंदु बन गया है।

राज्य औषधि निदेशालय को सौंपा गया ब्योरा

दवाओं की खरीद का रिकॉर्ड न मिलना और रैपर पर स्टिकर चिपकाने जैसी स्थिति ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। जांच टीम ने सामने आई तमाम अनियमितताओं का लिखित ब्योरा तैयार कर राज्य औषधि निदेशालय को सौंप दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि लाखों रुपये की इस खरीद में किसकी जवाबदेही तय होती है और सरकारी राशि के खर्च का पूरा हिसाब कब तक सामने आता है।

संवाददाता :- आकाश भारती, Need24 News

— Akash Bharti

स्थानीय

देवीपुर पावर हाउस में विशेष विद्युत शिविर, उपभोक्ताओं की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान



देवघर जिले के देवीपुर पावर हाउस परिसर में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा विशेष विद्युत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल में गड़बड़ी, बिल सुधार, बकाया बिल तथा मीटर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आमंत्रित किया गया।

शिविर में कुल लगभग बारह आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें उपभोक्ताओं ने अपने-अपने मुद्दे प्रस्तुत किए। विभागीय कर्मचारियों ने इन समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करने की पहल की, जिससे कई उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली।

हांसदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक कुमार, कन्हैया झा, पंकज पाल, गणेश सिंह, भारत मंडल, संजय यादव, पवन झा, ऊर्जा मित्र पिंकू यादव, सागर, नरेश वर्मा, पावर हाउस के राजेश राय, शंकर हांसदा तथा एटीपी ऑपरेटर पप्पू यादव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करना था।

— Buddhi Prakash Mali

झारखंड के संजीव कुमार बबलू भगत को राष्ट्रीय मंत्री नियुक्ति पर पाकुड़ में खुशी की लहर



#	नाम	प्रदेश
	राष्ट्रीय मंत्री	
1	श्री दशरथजी ठाकोर	गुजरात
2	श्री टी. वरवराजन	तमिलनाडु
3	श्री संजीव कुमार (बबलू भगत)	झारखंड
4	श्रीमती शरीता जांगिड़	हरियाणा
5	श्री बडगंगी रमेश	तेलंगाना
6	श्री वैभव पंवार	मध्य प्रदेश
7	श्री भीम कुमार सहू	बिहार
	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष	
1	श्री रामेश्वर यादव	उत्तर प्रदेश
	राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री	
1	श्री संजय कुमार गुर्जर	दिल्ली
	राष्ट्रीय सह-कार्यालय मंत्री	
1	डॉ अरुण यादव	दिल्ली
	मीडिया संयोजक	
1	श्री अजय गुप्ता	बिहार

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय द्वारा जारी नई राष्ट्रीय टीम की सूची में झारखंड के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार (बबलू भगत) को राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किया गया है, जिससे पाकुड़ और पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ गई है।

को सुदृढ़ करने में जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कार्यकर्ताओं के साथ घनिष्ठ जुड़ाव और अनुभव को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई।

पाकुड़ के कार्यकर्ताओं ने बबलू भगत जी के राष्ट्रीय मंत्री बनने को गर्व की बात कहा और आशा जताई कि इससे क्षेत्र के विकास और पार्टी के विस्तार को नई गति मिलेगी।

भाजपा के समर्थकों ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बबलू भगत जी को बधाई और शुभकामनाएँ दीं, और भविष्य में उनके नेतृत्व में झारखंड के सामाजिक-आर्थिक प्रगति की कामना की।

— Jai Prakash Bhagat